## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 05.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)

रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड क्षेत्र के कुजू ओपी के महुआ टुंगरी में सीसीएल के कर्मा प्रोजेक्ट में अवैध उत्खनन के दौरान बीती रात चाल धंसने से उसमें आठ से दस लोग दब गये, जिसमें चार लोगों का शव बरामद किया गया। इस घटना में मृतकों की संख्या बढ़ने की संभावना है। ये सभी अवैध उत्खनन कर रहे थे। जिन मृतकों के शव बरामद किये गये हैं, उनमें वकील करमाली, सुगिया करमाली, मो इम्तियाज और निर्मल मुंडा शामिल है।

********************

कल निकलने वाले मुहर्रम जुलूस को लेकर राज्य भर में प्रशासन सतर्क है। इस सिलसिले में आज हजारीबाग में जिला प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। उपायुक्त ने बताया कि फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना का संचार करना, असामाजिक तत्वों में कानून का भय स्थापित करना एवं शांति–व्यवस्था के प्रति पुलिस प्रशासन की तत्परता को प्रदर्शित करना है।

हजारीबाग एसपी ने कहा जिला प्रशासन ने मुहर्रम को देखते हुए व्यापक इंतजाम किया है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून तोड़ने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

********************

एनटीए की ओर से आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट– सीयूईटी 2025 के परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस परीक्षा में झारखंड के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया गया है। रांची के शुभान शर्मा ने तीन विषयों में 100 पर्सेंटाइल हासिल किया है। इस परीक्षा में लुधियाना की अनन्या जैन टॉपर हैं।

********************

जमशेदपुर के एमजीएम थाना अंतर्गत देवघर पंचायत स्थित एक प्रतिष्ठान के गोदाम में आज भीषण आग लग गई। अग्निशमन विभाग आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहा है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। आशंका जतायी जा रही है कि शार्ट सर्किट से आग लगी है।

********************

डिजिटल इंडिया अभियान से जामताड़ा जिले के लोगों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आया है। छोटे और बड़े व्यावसायी सभी डिजिटल लेनदेन को प्राथमिकता दे रहे हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

राज्य में मॉनसून पूरी तरह सक्रिय है। रांची समेत कई जिलों में लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार, हजारीबाग, रामगढ़ और बोकारो जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, गुमला, सिमडेगा, खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

********************

गुमला जिला प्रशासन द्वारा वर्ल्ड बैडमिंटन डे के अवसर पर आज इंडोर स्टेडियम में एक दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन मुख्य रूप से नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखते हुए उन्हें खेल के प्रति प्रेरित करना है। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

***************